## संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
## मध्य प्रदेश

पृष्ठां.क्र./4/कार्या.स्था./सेल–1/2020/2212 भोपाल, दिनांक 29/10/2020

प्रतिलिपिः–गृह सचिव, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 20.10.2020 के परिप्रक्ष्य में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य से प्राप्त ई–मेल दिनांक 22.10.2020 की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि कोविड–19 के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुये दिनांक 31.10.2020 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम मनाने के संबंध में कार्यवाही हेतु अग्रेषितः–

1. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2. संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्थानीय कार्यालय।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल।
4. संचालक, आई.ई.सी.ब्यूरो, जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, भोपाल।
5. परियोजना निदेशक, स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, भोपाल।
6. समस्त अपर संचालक, स्थानीय कार्यालय।
7. मुख्य अभियंता, स्थानीय कार्यालय।
8. समस्त क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाये, मध्यप्रदेश।
9. समस्त संयुक्त संचालक, स्थानीय कार्यालय।
10. समस्त प्राचार्य, क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, मध्यप्रदेश।
11. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मध्यप्रदेश।
12. कार्यपालन यंत्री, स्थानीय कार्यालय।
13. समस्त उप संचालक, स्थानीय कार्यालय।
14. समस्त सिविल सर्जन–सह–मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मध्यप्रदेश।
15. समस्त शाखा प्रभारी, स्थानीय कार्यालय।
16. प्रभारी, एमआईएस, स्थानीय कार्यालय।
17. आदेश नस्ती।

29/10/20

उप संचालक(कार्या.स्था.)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्य प्रदेश

Email नि.सहा./स्वा.आयुक्त/ 1347 दिनांक 23/10/20 commrhealth@mp.gov.in

**Fwd: RASHTRIYA EKTA DIWAS OR NATIONAL UNITY DAY**

**From :** Additional Chief Secretary <acshealth@mp.gov.in> Thu, Oct 22, 2020 01:33 PM

**Subject :** Fwd: RASHTRIYA EKTA DIWAS OR NATIONAL UNITY DAY 5 attachments

**To :** Commissioner Health <commrhealth@mp.gov.in>

---

**From:** "Iqbal Singh Bains" <cs@nic.in>
**To:** acsct11@gmail.com, "Additional Chief Secretary" <acshealth@mp.gov.in>, "Additional Chief secretary" <pshome@mp.gov.in>
**Cc:** "Deputy Secretary" <dstocs@mp.gov.in>
**Sent:** Thursday, October 22, 2020 12:44:56 PM
**Subject:** Fwd: RASHTRIYA EKTA DIWAS OR NATIONAL UNITY DAY

Regards,

PA
Office of Chief Secretary
Govt. of M.P.
Mantralaya, Vallabh Bhawan
Bhopal - 462004

0755-2441848, 2441370

---

**From:** "Control Room MHA" <iocdm.mha@nic.in>
**To:** "Chief Secretary Office" <csoffice.cg@gov.in>, "Chief Secretary Bihar" <cs-bihar@nic.in>, chiefsecretary@gujarat.gov.in, "Chief Secretary" <cs-goa@nic.in>, "Mr VIJAI VARDHAN" <cs@hry.nic.in>, "Anil Khachi" <cs-hp@nic.in>, "Shri Sukhdev Singh" <cs-jharkhand@nic.in>, "Iqbal Singh Bains" <cs@mp.nic.in>, cs@maharashtra.gov.in, "Asit Kumar Tripathy" <csori@nic.in>, "Chief Secretary Punjab" <cs@punjab.gov.in>, "Chief Secretary, Rajasthan" <cs-rajasthan@nic.in>, "Chief Secretary, Punjab" <cs@punjabmail.gov.in>, "Prakash" <cs-skm@nic.in>, "chief secretary" <cs-uttarakhand@nic.in>, "CHIEF SECRETARY GoUP" <csup@nic.in>, "cs-westbengal" <cs-westbengal@nic.in>, "Manoj Parida" <adviser-chd@nic.in>, "Shri Vijay Kumar Dev" <csdelhi@nic.in>, "cs-jandk" <cs-jandk@nic.in>, "Advisor to LG" <advisor-lg-ladakh@gov.in>
**Cc:** "Rajendra Bharti" <rajendrak.bharti@nic.in>
**Sent:** Wednesday, October 21, 2020 5:39:22 PM
**Subject:** RASHTRIYA EKTA DIWAS OR NATIONAL UNITY DAY

SEE ATTACHMENT PSE

AJAY BHALLA, IAS

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
North Block,
New Delhi

सत्यमेव जयते

D.O. No. 1-19034/01/2020-NI-II

20th October, 2020

Dear Chief Secretary,

The observance of Rashtriya Ekta Diwas or National Unity Day on 31st October serves to reinforce our commitment to strengthen the security, unity and integrity of our country. It not only commemorates the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, the architect of national integration of independent India, but also re-affirms the inherent strength and resilience of our people to withstand threats to the security, unity and integrity of the country.

2. To mark the celebration of the National Unity Day-2020, the Rashtriya Ekta Diwas Parade, with participation from State police force & CAPFs, is being organized on 31st October, 2020 at the Statue of Unity, Kevadiya, Gujarat. The Run for Unity, which was organized last year, is not being organized this year, in view of Covid-19. However, we are hopeful that we shall soon overcome all odds and will organize the Run for Unity from next year onwards.

3. The Union Home Minister has already written to the Chief Ministers of all States and Administrators of UTs to celebrate Rashtriya Ekta Diwas – 2020 with enthusiasm and fervour (copy enclosed), observing the Covid-19 guidelines and following due precautions.

4. In view of spread of Covid-19 pandemic, while organizing various programmes or activities for the Rashtriya Ekta Diwas celebrations, it is imperative to follow certain preventive measures such as maintaining social distancing, wearing of masks, proper sanitization, avoiding large congregations, protecting vulnerable persons, etc,; and other measures as prescribed and recommended by the Ministry of Health & Family Welfare. Therefore, all programmes should be organized in a way that large congregation of people is avoided and technology is used in the best possible manner for celebration befitting the occasion. The events organized could be web-cast in order to reach out people at large, who are not able to participate. It would also be appropriate that Covid-19 warriors like doctors, health workers, sanitation workers, etc., are invited in the ceremony as a recognition of their noble service in fight against Covid-19 pandemic.

Contd ......p/2

5. Further, keeping in mind with the guidelines / directions issued by the Government from time to time in respect of Covid-19 pandemic, I request you to give appropriate directions and guidance for celebrating the National Unity Day on 31st October, 2020 in a befitting manner with enthusiasm and fervour, as advised in the letter of Union Home Minister. A Pledge taking ceremony may also be organized to mark the occasion. The text of the "Rashtriya Ekta Diwas Pledge" is enclosed.

With regards,

Yours sincerely,

20/10/20
(Ajay Bhalla)

Encl. As above

**To**

**Chief Secretaries to all States / UTs**
(As per list attached)

अमित शाह
AMIT SHAH

सत्यमेव जयते

गृह मंत्री
भारत
HOME MINISTER
INDIA

अ.शा.प.सं. आई-19034/01/2020-एनआई-II
दिनाँक 18 अक्टूबर, 2020

सर्वविदित है कि पिछले 6 वर्षों से प्रत्येक वर्ष **31 अक्टूबर** का यह पावन दिवस न केवल राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में बल्कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में भी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हम सभी देशवासियों के लिए भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने एवं अक्षुण्ण बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का यह एक उत्तम अवसर है।

जैसा कि आप जानते हैं पिछले कुछ महीनों से पूरा विश्व कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है और अभी तक इसके निदान हेतु कोई उपयुक्त उपचार नहीं मिल पाया है। हमारा देश एकजुटता के साथ इस वैश्विक महामारी का मुकाबला कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन तथा इस हेतु उनके द्वारा दिए गए मंत्रों **'दो गज की दूरी, मास्क जरूरी'** और **'जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं'** के कारण आज भारत विश्व में कोविड-19 की लड़ाई में सबसे आगे है। भारत में कोविड-19 की मृत्यु दर सबसे कम और स्वास्थ्य लाभ दर विश्व में सबसे अधिक है। यह सब हम लोगों में व्याप्त एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव एवं सहयोग तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाया है।

इस परिप्रेक्ष्य में, यह भी आवश्यक होगा कि हम राष्ट्रीय एकता दिवस को पूरी सतर्कता बरतते हुए उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं। इसलिए यह उचित होगा कि कोविड-19 महामारी के प्रसार के मद्देनजर, इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूर्व वर्षों की भाँति "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन न किया जाये बल्कि प्रौद्योगिकी एवं अभिनव साधनों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता दिवस के उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाया जाये। हमें आशा है कि हम कोविड पर जल्द ही विजय प्राप्त कर लेंगे और अगले वर्ष पुनः "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन करेंगे।

लगातार......2/-

31 अक्टूबर, 2020 को राज्य पुलिस बल और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भागीदारी से स्टेच्यु ऑफ यूनिटी, केवडिया, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी इस परेड की सलामी लेंगे और सरदार पटेल की प्रतिमा की पद-पूजा के साथ देशवासियों की ओर से उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे।

मेरा आपसे अनुरोध है कि तदनुसार 31 **अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस** पूर्ण उत्साह, उमंग एवं कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अतर्गत मनाने के बारे में आप अपने प्रशासन को निम्नलिखित कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य समुचित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उचित निर्देश दें और उनका मार्गदर्शन करें :-

(i) राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम; राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का पाठ सलंग्न है।

(ii) एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर, 2020 की शाम में मार्च-पास्ट का आयोजन।

राष्ट्र प्रगति के पथ पर आगे बढता रहे और सभी देशवासी स्वस्थ एवं सुखी रहें, इसी आशा के साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं।

**सादर !**

आपका,

(अमित शाह)

**सभी राज्यों के मुख्यमंत्री/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक**

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.